राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली-110012

संख्याः 1-14/(2022-23)/हिन्दी/ एनएससी                                                            दिनांकः 13 सितम्बर , 2022

**परिपत्र**

**विषय: वर्ष 2022-23 के लिए हिन्दी पखवाड़े के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

सक्षम अधिकारी के अनुमोदनानुसार, एनएससी, मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालयों/फार्मों पर 14 सितम्बर, 2022 से 29 सितम्बर, 2022 तक "हिन्दी पखवाड़ा" मनाया जाएगा तथा मुख्य समारोह 29 सितम्बर, 2022 को आयोजित किया जाएगा। हिन्दी पखवाड़े के दौरान मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है:-

**1. हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (19 सितम्बर, 2022) (क, ख एवं ग ग्रुप के कार्मिकों के लिए)**

यह प्रतियोगिता 19 सितम्बर, 2022 को पूर्वाहन 10.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता दो घंटे की अवधि की होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के **इच्छुक कार्मिक 17 सितम्बर, 2022 तक अपना नामांकन राजभाषा कक्ष को भिजवा दें। कृपया इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:-**

1. इसमें राजभाषा नीति, हिन्दी के सामान्य ज्ञान, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी ज्ञान से संबंधित सामान्य प्रश्न पूछे जायेंगे।

**2. हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (21 सितम्बर, 2022) ("ख" एवं "ग" श्रेणी के कार्मिकों लिए)**

यह प्रतियोगिता 21 सितम्बर, 2022 को पूर्वाहन 10.30 बजे आंरभ होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के **इच्छुक कार्मिक 17 सितम्बर, 2022 तक अपना नामांकन राजभाषा कक्ष को भिजवा दें।** इस प्रतियोगिता के संबंध में कृपया नीचे लिखी बातों का ध्यान रखें:-

1) **हिंदी टंकण की यह प्रतियोगिता कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण की प्रतियोगिता है।**
2) **प्रतिभागी को प्रतियोगिता हेतु स्वयं के कम्प्यूटर पर ही टंकण करना है।**
3) **टंकण प्रतियोगिता के लिए 05 मिनट का समय दिया जाएगा।**
4) **न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त न कर सकने वाला प्रतियोगी पुरस्कार प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।**

**3. एनएससी निबंध प्रतियोगिता (23 सितम्बर, 2022) (क, ख एवं ग ग्रुप के कार्मिकों के लिए)**

यह निबंध **"राष्ट्रीय खाद्यान्न में एनएससी के बीजों का योगदान"** विषय पर कम से कम 250 शब्दों में लिखना होगा। इच्छुक प्रतिभागी उक्त विषय पर निबंध लिखकर **19 सितम्बर, 2022 तक** राजभाषा कक्ष को भिजवा दें।

**4. हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता (29 सितम्बर, 2022) (सभी श्रेणियों के कार्मिकों के लिए)**

यह प्रतियोगिता हिन्दी पखवाड़े के समापन वाले दिन अर्थात **29 सितम्बर, 2022** को आयोजित की। **इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी जो इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हों, अपनी टाईप की हुई कविता की पॉच प्रतियां राजभाषा कक्ष को 24 सितम्बर, 2022 तक अवश्य भिजवा दें। कृपया इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:-**

i. प्रतियोगी अपनी लिखी हुई (स्वरचित) या किसी अन्य कवि की लिखी हुई कविता का पाठ कर सकता है, लेकिन अपनी लिखी हुई कविता के लिए 100 में से 10 अंक सुरक्षित रखे जाएंगे।

अपनी लिखी हुई कविता (स्वरचित) के संबंध में प्रतियोगी को घोषणा करनी होगी कि यह कविता उसके स्वयं के द्वारा लिखी हुई है।

ii. जो प्रतियोगी बिना देखे अर्थात याद करके (कठस्थ) कविता का पाठ करेगा, उसके लिए भी 100 में से 05 अंक सुरक्षित रखे जायेंगे।

iii. जो प्रतियोगी शुद्ध उच्चारण तथा कविता के विषय के अनुसार समुचित हाव-भाव के साथ कविता का पाठ करेगा, उसे अंकों में वरीयता दी जायेगी।

iv. कविता अधिक लंबी न हो, पांच-सात मिनट में पढ़ी जा सकने वाली कविता होनी चाहिए।

मुख्यालय के जो भी अधिकारी/कर्मचारी उल्लिखित प्रतियोगिताओं (हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, एनएससी निबंध प्रतियोगिता एवं हिंदी कविता पाठ) में भाग लेना चाहते हैं, **वे संलग्न प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र भर कर अपने विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को निर्धारित तारीख या इससे पूर्व अवश्य भिजवा दें।**

उल्लिखित चारों प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के दौरान अर्थात 29 सितम्बर, 2022 को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी।

दीपिका 13.9.2022

(दीपिका रानी)
प्रबंधक (राजभाषा)

संलग्न: आवेदन पत्र का प्रारूप

वितरण: आवश्यक कार्रवाई हेतु

1. मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों एवं अनुभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से अवगत करवा दें तथा उल्लिखित प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए उन्हें प्रेरित करें।
2. सूचना तकनीक कक्ष- इस परिपत्र को एनएससी की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. सूचना पट्ट।

प्रतिलिपि: सूचनार्थ

1. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की निजी सचिव, एनएससी, नई दिल्ली।
2. निदेशक (वित्त)/निदेशक (वाणिज्यिक) के निजी सचिव, एनएससी, नई दिल्ली

प्रबंधक (राजभाषा)
राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली-110012

**विषय: हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन।**

महोदय,

दिनांक 13 सितम्बर, 2022 के परिपत्र संख्या 1-14(2022-23)/हिन्दी पखवाड़ा/एनएससी के अनुसरण में मैं निम्नलिखित प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं में भाग लेने का इच्छुक हूँ:-

1) हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता। (अंतिम तारीख -17 सितम्बर, 2022)
2) हिन्दी टंकण प्रतियोगिता। (अंतिम तारीख - 17 सितम्बर, 2022)
3) एनएससी निबंध प्रतियोगिता (अंतिम तारीख - 19 सितम्बर, 2022)
4) हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता। (मेरी कविता की पॉच प्रतियाँ संलग्न हैं-अंतिम तारीख - 24 सितम्बर, 2022)

**(उल्लिखित प्रतियोगिताओं में से जिन-जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हों, उन पर सही का निशान लगाएं)**

1. नाम: ..........................................................................................
2. पदनाम : ..........................................................................................
3. विभाग/अनुभाग का नाम ..........................................................................................
4. मातृभाषा: ..........................................................................................

भवदीय/भवदीया

(.........................................)

**प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष की संस्तुति**